छत पर वाटिका बनाकर उगा सकेंगे सब्जियां

जागरण संवाददाता, लखनऊ : यदि आपके पास वाटिका बनाने के लिए जमीन नही है तो निराश होने की जरूरत नही है क्योंकि अब आप छत पर वाटिका बना सकते है। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा आशियाना मे छतों पर गृह वाटिका बनाने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिससे क्षेत्रीय लोगो को प्रदूषण मुक्त हरी सब्जियां प्राप्त हो सकें। संस्थान के निदेशक डॉ. एडी पाठक ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में आबादी तेजी से बढ़ने पर प्रदूषण भी तेजी से बढ़ रहा है। इससे सब्जियों में विषाक्तता बढ़ रही है। यही वजह है कि लोग जरूरत की सब्जियां गृह वाटिका मे उगाना पसंद करते है। कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ.एसएन सिंह ने बताया कि घर की छत या बालकनी में गमले या पॉलीथीन की थेलियों में दैनिक उपयोग की हरी सब्जियां जैसे टमाटर, बैगन, मिर्च, पालक, धनिया, मेथी, शिमला मिर्च आदि उगा सकते है। डॉ.वीनिका सिंह ने छत पर गृह वाटिका बनाने के संदर्भ में महिलाओं को सब्जियों मे पोषक तत्वों के बारे में बताते हुए उन्हे सब्जियों के पोधे भी निश्शुल्क वितरित किये गये। कार्यक्रम में आभा पाल, शशी श्रीवास्तव, मीता मिश्रा, सोम्या, नीलम सक्सेना, हुमा आबिद, रूपम सिंह आदि ने भाग लिया।